# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)
# अनुसंधान, लेखापरीक्षा और मूल्यांकन शाखा
# सार्वजनिक व्यापक डैशबोर्ड

इस सार्वजनिक व्यापक डैशबोर्ड (Public Comprehensive Dashboard) के उपयोग में सहयोग करने के लिए निम्नलिखित FAQ प्रदान किए गए हैं, जो केसलोड और व्यय संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं। यह डैशबोर्ड कैलिफोर्निया स्वास्थ्य और मानव सेवा पहचान हटाने संबंधी दिशानिर्देश के अनुसार गोपनीय जानकारी की रक्षा करता है।

1. **यह डैशबोर्ड वार्षिक सेवा खरीद (POS) रिपोर्ट से किस प्रकार भिन्न है?**
   कुछ प्रमुख अंतरों में ये शामिल हैं:
   - समय अवधि: यह डैशबोर्ड महीने के अनुसार व्यवस्थित है और इसमें वित्त वर्ष 2011/12 से सभी वित्तीय वर्ष (FYs) शामिल हैं। वार्षिक POS रिपोर्टों में एक समय में एक वित्तीय वर्ष का सारांश प्रस्तुत किया जाता है।
   - केसलोड की संख्या:
     - वार्षिक POS रिपोर्ट में समय-बिंदु पद्धति का उपयोग किया जाता है, जिसमें या तो वित्तीय वर्ष के जनवरी माह में सक्रिय स्थिति वाले या वित्तीय वर्ष में कम से कम एक POS रिकॉर्ड वाले व्यक्तियों की गणना की जाती है।
     - इस डैशबोर्ड में उन व्यक्तियों को दिखाया जाता है जो वित्तीय वर्ष के किसी भी समय सक्रिय थे या जिनका वित्तीय वर्ष के दौरान POS व्यय था।
   - वार्षिक POS रिपोर्ट की कुछ जानकारी इस डैशबोर्ड में उपलब्ध नहीं है। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि सेवा उपयोग और POS प्राधिकरणों का वर्णन करने वाला डेटा केवल वार्षिक POS रिपोर्टों में ही देखा जा सकता है।

2. **मैं इस डैशबोर्ड का उपयोग कैसे करूँ?**
   - उपयोगकर्ता इस डैशबोर्ड की दाईं ओर दो फ़िल्टर तक का चयन कर सकते हैं। विकल्पों में कार्यक्रम में भागीदारी, क्षेत्रीय केंद्र, आयु समूह, प्रजाति/जातीयता, प्राथमिक भाषा, निदान और निवास प्रकार शामिल हैं। व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करने के लिए दो-फ़िल्टर की सीमा आवश्यक है।
   - उपयोगकर्ता इस डैशबोर्ड की बाईं ओर स्थित तालिका में महीने या वित्तीय वर्ष पर क्लिक करके विशिष्ट समय अवधियों का चयन कर सकते हैं।
   - सभी चयनित फ़िल्टर पूरे डैशबोर्ड पर लागू होते हैं, जिसमें डिस्प्ले के मध्य में स्थित तीन ग्राफ़ शामिल हैं।

3. **यह डैशबोर्ड कैसे बनाया गया है?**
   इस डैशबोर्ड को बनाने के लिए उपयोग की गई विधियों को इस डैशबोर्ड की वेबसाइट पर "कार्यप्रणाली का संक्षिप्त विवरण" (Methodology Overview) दस्तावेज़ में देखा जा सकता है।

4. **क्या कोई डेटा बाहर रखा गया है?**
   - ऐसे अनुबंध व्यय रिकॉर्डों को बाहर रखा गया है जो विशिष्ट व्यक्तियों से संबद्ध नहीं हैं।
   - ऐसे किसी भी व्यक्ति को बाहर रखा गया है जिसके POS व्यय का विवरण, महीने की क्लाइंट मास्टर फ़ाइल में नहीं है।

5. टिप्पणियों और/या आगे के प्रश्नों के लिए मैं किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ**?**
   यदि आपके पास कोई भी सुझाव हो या कोई समस्या या त्रुटि हो, तो कृपया हमें ई-मेल करें: Analytics@dds.ca.gov

6. **क्या मैं इस डैशबोर्ड के अपने वर्तमान दृश्य – या बहुत से दृश्यों – को साइट पर भविष्य के विज़िट्स के लिए सहेज सकता/सकती हूँ?**
   इस डैशबोर्ड का दृश्य और इसकी सेटिंग्स प्रत्येक विज़िटर के ब्राउज़र में सहेजी जाती हैं। जब तक ब्राउज़िंग इतिहास और ट्रैकिंग कुकीज़ को विज़िट्स के बीच क्लियर नहीं किया जाता है, तब तक यह डैशबोर्ड वही फ़िल्टर प्रदर्शित करेगा जो इस डैशबोर्ड वेबसाइट पर पिछली विज़िट पर लागू किए गए थे।

7. **यह डैशबोर्ड कितनी बार रिफ्रेश होता है? रिफ्रेश करने पर क्या उपयोगकर्ताओं को कोई सूचना प्राप्त होती है?**
   यह डैशबोर्ड मासिक रूप से रिफ्रेश किया जाता है। इस डैशबोर्ड के अपडेट किए जाने पर उपयोगकर्ताओं को कोई सूचना प्राप्त नहीं होगी। कृपया सदस्यता विकल्पों से संबंधित अगला प्रश्न देखें।

8. **क्या मैं इस डैशबोर्ड की सदस्यता ले सकता/सकती हूँ? यदि हाँ, तो कैसे?**
   सदस्यता ऐसा तरीका है जिससे Power BI रिपोर्ट चुने गए शेड्यूल पर आपको स्वचालित रूप से भेजी जाती है। डेटा अद्यतन होने पर यह डैशबोर्ड ई-मेल सूचनाओं को सपोर्ट नहीं करता है। हालाँकि, Power BI Pro उपयोगकर्ता, DDS स्टाफ़ और अधिकृत क्षेत्रीय केंद्र कर्मचारी Power BI डैशबोर्ड सदस्यता सेट कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, प्रत्येक महीने की 15 तारीख को केसलोड और व्यय का सारांश प्राप्त करने के लिए, आप सदस्यता ले सकते हैं और ई-मेल सूचना निर्धारित कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक महीने की 15 तारीख को नवीनतम डेटा और विज़ुअलाइज़ेशन आप तक पहुंचाए जाएंगे। रिपोर्ट की सदस्यता स्थापित करने के लिए आवश्यकताएँ और निर्देश माइक्रोसॉफ्ट की वेबसाइट पर प्रदान किए गए हैं:

9. **क्या मैं इस डेटासेट को इस डैशबोर्ड के पीछे डाउनलोड कर सकता/सकती हूँ?**
   नहीं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि व्यक्तियों के बारे में जानकारी सुरक्षित रहे, उपयोगकर्ताओं को इस डैशबोर्ड के लिए अंतर्निहित डेटासेट को देखने या डाउनलोड करने की अनुमति नहीं है।